अमरूद महोत्सव का शुभारम्भ आज

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मुख्य आतिथ्य में होगा अमरूद महोत्सव का शुभारंभ
- कृषि मंत्री डॉ. मीणा और जिला कलक्टर कानाराम ने तैयारियों का लिया जायजा

सवाई माधोपुर, (निसं)। सवाई माधोपुर के 263वें स्थापना दिवस के दूसरे दिन देश में पहली बार होने अमरूद महोत्सव का शुभारम्भ रविवार को प्रातः 11 बजे दशहरा मैदान में किया जाएगा। इस आयोजन के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। राज्य के कृषि उद्यानिकी एवं आपदा प्रबन्धन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

अमरूद महोत्सव की तैयारियों का कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा एवं जिला कलक्टर काना राम ने शनिवार को निरीक्षण किया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल ने सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी दी। कृषि मंत्री ने कहा कि यह आयोजन सवाई माधोपुर के लिए अब तक का सबसे भव्य एवं गौरवपूर्ण कृषि आयोजन होगा और अधिक से अधिक किसानों, कृषि उद्यिमयों और युवाओं से इसमें शामिल होकर लाभान्वित होने की अपील की।

गौरतलब है कि अमरूद महोत्सव का आयोजन सवाई माधोपुर और आस-पास अन्य जिलों के किसानों की मेहनत और क्षेत्र की कृषि पहचान को दिलाने का अभिनव प्रयास है। इस आयोजन के जरिए सवाई माधोपुर में उत्पादित उच्च गुणवत्ता के अमरूद की मांग अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ-साथ कृषि उन्नत तकनीक मेले के आयोजन से किसानों को बेहतर मूल्य, आधुनिक तकनीक और बाजार से जुड़ने का मौका मिलेगा।

जिला कलक्टर काना राम ने बताया कि 18 एवं 19 जनवरी को आयोजित दो दिवसीय महोत्सव में अमरूद प्रदर्शनी, प्रसंस्करण उत्पाद, कृषि यंत्रीकरण एवं ऑटोमेशन, उद्यानिकी तकनीक, कृषि आदान, समन्वित खेती आधारित पशुधन गतिविधियों के लाइव डेमोंस्ट्रेशन सहित लगभग 200 स्टॉल लगाए जाएंगे। इसमें टोंक, जयपुर, कोटा, बूंदी, भीलवाड़ा, दौसा, करौली सहित विभिन्न जिलों से हजारों किसान शामिल होंगे।

महोत्सव के अंतर्गत 18 जनवरी को फल-फूल प्रदर्शनी, किस्मवार अमरूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। देश के विभिन्न राज्यों से 20 से अधिक उच्च गुणवत्तापूर्ण नर्सरियां भाग लेंगी, जहां अमरूद की लगभग 30 किस्मों के पौधे उपलब्ध रहेंगे। किसान पौधों की खरीद के साथ थोक बुकिंग भी कर सकेंगे।

स्वच्छता का दिया संदेश

हिण्डौन सिटी, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत द्वितीय दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। दिनांक 16 जनवरी से 22 जनवरी तक आयोजित इस सात दिवसीय विशेष शिविर दूसरे दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पप्पू राम कोली द्वारा मां सरस्वती के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वल प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए योग प्रशिक्षक विनोद मेहरा ने स्वयंसेवकों को योग एवं प्राणायाम के दैनिक जीवन में लाभ और महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

राष्ट्रीय युवा दिवस समापन समारोह संपन्न

गंगापुर सिटी, (निसं)। स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल कन्या कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। संस्थान के महामंत्री गिर्राज प्रसाद गुप्ता, कॉलेज सचिव बाबूलाल गुप्ता और शिक्षा समिति सदस्य राजकुमार गोयंका ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महामंत्री गिर्राज प्रसाद गुप्ता ने कहा कि देश की उन्नति युवाओं के चरित्र और आत्मविश्वास पर निर्भर करती है। उन्होंने आज के युवा को देश की सबसे बड़ी शक्ति बताया। कॉलेज सचिव बाबूलाल गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया और देश की प्रगति के लिए स्वदेशी अपनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। शिक्षा समिति सदस्य राजकुमार गोयंका ने युवाओं को आत्मविश्वास, राष्ट्रसेवा और चरित्र निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. बृजेंद्र सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा जा सकती है।

भक्तों ने पाई प्रसादी

गंगापुर सिटी, (निसं)। जयपुर रोड स्थित शनि मंदिर में मंदिर कमेटी द्वारा पौष बड़ा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और सामूहिक रूप से प्रसादी ग्रहण की।

खोया पाया

मेरा प्लॉट जो कि खसरा नंबर 5698 उदेई कला, सैनिक नगर गंगापुर सिटी में जिसका नं. 17 है उक्त प्लॉट के दस्तावेज कहीं गुम हो गए है, मिलने पर सूचित करें। सूरजो देवी उर्फ सुरजी देवी पत्नी रामसहाय कर्णावत निवासी सैनिक नगर, गंगापुर सिटी- 9529566018

पश्चिम मध्य रेल

ई-ऑक्शन

No. C-331/General/Vol.-I, Date: 15.01.2026. (1) कैटलॉग नं.: PnU-Kota-2026-1 लॉट का नाम: कोटा, सवाई माधोपुर, हिंडोन सिटी अनुबंध का प्रकार: पे एंड यूज़ टॉयलेट ई-नीलामी की तिथि एवं समय: 02.02.2026 समय 12.00 बजे (2) कैटलॉग नं.: Lease-KTT-2026 लॉट का नाम: -- अनुबंध का प्रकार: Leasing of SLR ई-नीलामी की तिथि एवं समय: 27.01.2026 समय 12.00 बजे. कैटलॉग की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।

(हस्ता.)

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

आमरण अनशन 11वें दिन भी जारी

भरतपुर, (निसं)। जनता आन्दोलन की सह संयोजिका व पूर्व भाजपा पार्षद जितेन्द्र कौर का सिनसिना बुर्ज स्थित खंडित श्री कृष्ण की मूर्ति की जगह नई मूर्ति लगवाने बावत आमरण अनशन आज ग्याहवें दिन भी जारी रहा। अनशन में बिहारी जी के भक्तों का पूरा समर्थन रहा साथ ही शहर के सामाजिक संगठनों ने पूरा समर्थन दिया।

जितेन्द्र कौर ने कहा कि पूरे भरतपुर शहर की आस्था और भावना इस बुर्ज से जुडी हुई है जो पिछले 60 साल से अपने विकास की बाट जोह रही है यहां भगवान श्रीकृष्ण की आदमकद प्रतिमा बालरूप में बंसी बजाते हुए थी जो किन्हीं कारणों से क्षितठास्त हो गई थी जिसका आज की पीढी को पता भी नहीं है वो हमारे पैदा होने से पहले से टूटी हुई है यह हमारी अमूल्य धरोहर है जो आज अतिक्रमण और दुर्दशा का शिकार है। सनातन धर्म में खंडित मूर्ति का विसर्जन बताया गया है यह हमारे ब्रज के आराध्य हैं और तीनों लोकों के स्वामी है जिनमें सी.एम. की भी आस्था है ये लोगों की जन भावना है कि मूर्ति शीघ्र से शीघ्र लगे और खंडित चरणों का विसर्जन हो। लेकिन भरतपुर की गंदी राजनीति की वजह से इस नेक काम में भी देर हो रही है जबकि मैं भी इस सरकार का हिस्सा हूँ और खुद भाजपा पार्षद रह चुकी हूँ उसके बाद भी इस नेक काम के लिए भरी सर्दी में यहां भूख हडताल पर बैठना पड़ रहा है।

महिला वर्ग की मटका दौड़ में चेतना प्रथम

सवाई माधोपुर, (निसं)। सवाई माधोपुर के 263वें स्थापना दिवस समारोह का शुभारम्भ शनिवार को हुआ। पहले दिन जिले की लोक संस्कृति को जीवंत रूप में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से खिलचीपुर में पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। स्थानीय लोगों और विद्यालयों के बच्चों के साथ ही देशी-विदेशी पर्यटकों ने भी इस आयोजन में भागीदारी की।

प्रतिभागियों ने रस्साकशी, नींबू-चम्मच और मटका दौड़, म्यूजिकल चेयर एवं साफा बांधने की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। लोक कलाकारों ने पारंपरिक कच्छी घोड़ी नृत्य और बहरूपिया कला का प्रदर्शन भी किया। बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटकों ने सभी गतिविधियों में उत्साह से हिस्सा लिया और लोक कलाकारों के साथ स्थानीय सांस्कृतिक संगीत पर जमकर थिरके।

जिला कलक्टर काना राम, पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार और मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया ने पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों और इस आयोजन में विशेष रूप से शामिल हुए विदेशी पर्यटकों को सवाई माधोपुर की पहचान के रूप में कैप भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने विदेशी पर्यटकों के साथ फोटो भी खिंचवाए।महिलाओं की नींबू चम्मच दौड़ में यशस्वी को प्रथम, साक्षी यादव को द्वितीय और कनिष्का राजावत को तृतीय स्थान हासिल हुआ।

महिलाओं की म्यूजिल चेयर रेस में भी विजेताओं का क्रम यहीं रहा। महिला वर्ग की मटका दौड़ प्रतियोगिताओं में चेतना ने प्रथम, निशा बैरवा ने द्वितीय और अनिता शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरूषों की साफा बांध प्रतियोगिता में रघुवीर सिंह नरूका को प्रथम, आदित्य सिंह को द्वितीय एवं तरूण सिंह को तृतीय स्थान मिला।

'आईएसआई मार्क से मिलती है गुणवत्ता व सुरक्षा की गारंटी'

गंगापुर सिटी, (निसं)। सवाई माधोपुर (ग्रामीण) उपभोक्ता संस्थान और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआ एस) के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम अलीगंज स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में उपंभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों और आईएसआई मार्क के महत्व के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सवा माधोपुर ग्रामीण उपभोक्ता संस्थान के अध्यक्ष और कंज्यूमर्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव मुकेश कुमार वैष्णव ने उपभोक्ताओं से आ एसआ मानक चिन्ह वाली वस्तुएं खरीदने की अपील की। उन्होंने बताया कि आ एसआ मार्क गुणवत्ता और सुरक्षा की गारंटी देता है।

Government of Rajasthan
Principal, Devnarayan Govt. Boys Residential School, Peeparra, Bayana, Bharatpur
email id SantoshKPjain@gmail.com mob. No. 8005736657
क्रमांकः-देवराबाआवि / लेखा / 2025-26 / दिनांकः-

NIT - 04/2025-26 (NIB :-SOC2526A0290)

Bids for kitchenware items are invited from interested bidders upto date 27-01-2026 Time 03:00 PM. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state and Social Justice and Empowerment Departmental website. The approximate Value of the Procurement is Rs. 4.18 Lakh.

UBN No. :- SOC2526GSOB00319

Principal
D.G.B.R.School
Peeparra, Bayana, Bharatpur

कलक्टर व पुलिस अधीक्षक ने ली शांति समिति की बैठक

करौली, (निसं)। आगामी गणतंत्र दिवस समारोह एवं विभिन्न मेलों-त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने की।

बैठक में प्रशासन, पुलिस एवं शांति समिति के सदस्यों द्वारा कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं जनसुविधाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए।जिला कलेक्टर ने सभी बिंदुओं पर संबंधित विभागों को समन्वय के साथ त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस एवं मेलों-त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द, सुरक्षा एवं नागरिक सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। आमजन के सहयोग से ही शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाता है।उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि मंदिरों, मस्जिदों, धार्मिक स्थलों, मैलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं सम्मान बनाए रखें। सभी समुदाय एक-दूसरे की धार्मिक एवं सामाजिक भावनाओं का सम्मान करते हुए मिल-जुलकर पर्व मनाएँ। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना, आपत्तिजनक अथवा भड़काऊ सामठी का प्रसार न करें।

मुख्य प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

जुरहरा/भरतपुर, (निसं)। जुरहरा कस्बा निवासी भूपेन्द्र खंडेलवाल ने राज.राज्य पथ परिवहन निगम लोहागढ़ आगार भरतपुर के मुख्य प्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर जुरहरा से दिल्ली वाया होडल-पलवल, जुरहरा से मथुरा वाया कोसी व जुरहरा से गुरुग्राम आदि रुटों पर रोड़वेज बसें संचालित करने की मांग की है। राज.राज्य पथ परिवहन निगम लोहागढ़ आगार भरतपुर के मुख्य प्रबंधक को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने बताया कि कस्बा जुरहरा से दिल्ली, मथुरा व गुरुग्राम के लिए एक भी बस सेवा संचालित नहीं है।

तारों के बंडल के नीचे दबने से मजदूर की मौत

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर में क्रेन ऑपरेटर की लापरवाही के कारण एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। तार के बंडल को हाइवा में लोड करते समय अचानक तार का बंडल क्रेन से निकलकर मजदूर के ऊपर जा गिरा, जिसके कारण मजदूर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक मनीष (35) के साथी मजदूर कन्हैया ने बताया कि क्रेन से बड़ी केबल के बंडल को हाइवा में लोड करवा रहे थे। जेसीबी के ऑपरेटर ने कहा कि वह हाइवा में चढ़ जाए और केबल को दोनों तरफ से पकड़ लें। मजदूरों ने यह काम करने से मना किया। तब जेसीबी के ऑपरेटर ने जबरन मनीष और कन्हैया को हाइवा में चढ़ा दिया। एक तरफ से मनीष ने, दूसरी तरफ से कन्हैया ने केबल का बंडल पकड़ा हुआ था। तभी अचानक क्रेन से केबल का बंडल निकल गया। इसके नीचे मनीष दब गया। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। इसके बाद मजदूरों ने तुरंत केबल के बंडल को हटाया और मनीष को निकालकर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां मनीष को मृत घोषित कर दिया गया।

Government of Rajasthan
Principal, Devnarayan Govt. Boys Residential School, Peeparra, Bayana, Bharatpur
email id SantoshKPjain@gmail.com mob. No. 8005736657
क्रमांकः-देवराबाआवि / लेखा / 2025-26 / दिनांकः-

NIT - 03/2025-26 (NIB :-SOC2526A0285)

Bids for Orthopadic Matters and Pillow are invited from interested bidders upto date 26-01-2026 Time 02:00 PM. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state and Social Justice and Empowerment Departmental website. The approximate Value of the Procurement is Rs. 9.66 Lakh.

UBN No. :- SOC2526GSOB00314

Principal
D.G.B.R.School
Peeparra, Bayana, Bharatpur